O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test 1(Round-2) (2026 – 27)

Class : XII **MM: 20**

Subject: Hindi **Time: 1 :00 Hr**

Name: .---------- Roll No.:_____

सामान्य निर्देशः सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

प्र01 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **(5)**

माना आज मशीनी युग में समय बहुत महंगा है लेकिन
तुम थोड़ा अवकाश निकाली, तुमसे दो बातें करनी है।
उम्र बहुत बाकी है लेकिन उम्र बहुत छोटी भी तो है
एक स्वप्न मोती का है तो एक स्वप्न रोटी भी तो है
घुटनों में माथा रखने से पोखर पार नहीं होता है
सोया है विश्वास जगा लो, हम सबको नदिया तरनी है।
तुम थोड़ा अवकाश निकालो, तुमसे दो बातें करनी हैं।
मन छोटा करने से मोटा काम नहीं छोटा होता है.
नेह-कोष को खुलकर बाँटो, कभी नहीं टोटा होता है,
आँसू वाला अर्थ न समझे, तो सब ज्ञान व्यर्थ जाएँगे:
मत सच का आभास दवा लो, शाश्वत आग नहीं मरनी है।
तुम थोड़ा अवकाश निकालो, तुमसे दो बातें करनी हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर-

(क) 'एक स्वप्न मोती का है' यहाँ मोती का स्वप्न किसका प्रतीक है ? **(1)**

(i) एक बहुमूल्य रत्न का (ii) सुख-सुविधापूर्ण जीवन की चमक-दमक से दूरी का
(iii) अमीरी का जीवन जीने की लालसा का (iv) मोतियों का स्वप्न देखकर खुश होने का

(ख) मनुष्य निष्क्रिय होकर आगे नहीं बढ़ सकता है, परिश्रम करने से ही उसका विकास होगा यह भाव प्रकट करने वाली पंक्ति है- **(1)**

(i) घुटनों में माथा रखने से पोखर पार नहीं होता
(ii) सोया है विश्वास जगा लो, हम सबको नदिया तरनी है
(iii) मन छोटा करने से मोटा काम नहीं छोटा होता है
(iv) एक स्वप्न मोती का है तो, एक स्वप्न रोटी भी तो है

(ग) कविता के आधार पर प्रेम के भंडार की विशेषता क्या है? (1)

(i) लोगों के मन में प्रेम कम होता जा रहा है। (ii) प्रेम के कारण लोग एक-दूसरे के निकट आते हैं।

(iii) प्रेम बाँटने से कभी कम नहीं होता है। (iv) प्रेम के सामने कोई काम छोटा नहीं होता है।

लघूत्तरीय प्रश्नोत्तर -

(घ) 'मन' और 'स्नेह' के बारे में कवि क्या परामर्श दे रहा है और क्यों? (2)

प्र02 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) यदि आपको शारीरिक चुनौती का सामना कर रहे किसी मित्र का परिचय लोगों से करवाना हो , तो किन शब्दों में करवाएँगे ? (2)

अथवा

अपाहिज व्यक्ति अपना दुख क्यों नहीं बता पाता है ? 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के संदर्भ में लिखिए।

(ख) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में कवि ने करुणा के माध्यम से क्रुरता का चित्रण किया है–स्पष्ट कीजिए। (3)

प्र03 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) काले मेघा पानी दे ' पाठ के आधार पर लिखिए कि इंदर सेना को लेखक 'मेढक–मंडली' क्यों कहता था ? (2)

अथवा

इंदर सेना सबसे पहले गंगा मैया की जय क्यों बोलती है ? नदियों का भारतीय सामाजिक–सांस्कृतिक परिवेश में क्या महत्व है ?

(ख) 'काले मेघा पानी दे ' पाठ में मेढक–मंडली पर लोगों द्वारा सहेजे गए पानी को फेंकने को पानी की निर्मम बरबादी क्यों कहा गया है ? (3)

प्र04 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) अंशकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ? (2)

अथवा

अखबार या पत्रिका के प्रकाशन के संदर्भ में 'डेडलाइन' से क्या आशय है ?

(ख) समाचार की उल्टा पिरामिड शैली किसे कहते हैं ? उल्टा पिरामिड शैली में समाचार लेखन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए। (3)

——000——